भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1282
सोमवार, 08 दिसंबर, 2025/ 17 अग्रहायण, 1947 (शक)

एर्नाकुलम में ईएसआईसी द्वारा 100 बिस्तर वाले अस्पताल की परियोजना को स्वीकृति देने में विलंब

†1282. **श्री हैबी ईडन:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि केरल के एर्नाकुलम में 210.59 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाले 100 बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल और सहायक भवनों के प्रस्तावित निर्माण की मंजूरी प्रक्रिया में अनुचित विलंब हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त ईएसआईसी अस्पताल परियोजना के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है तथा इसका निर्माण कार्य प्रारम्भ होने की अपेक्षित समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या उक्त परियोजना को मंजूरी देने में विलंब से एर्नाकुलम तथा आसपास के जिलों में बीमित व्यक्तियों एवं कामगारों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में बाधा आ रही है और यदि हां, तो सरकार द्वारा मंजूरी एवं निष्पादन में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (घ): मौजूदा 65-बिस्तर वाले कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल को 100-बिस्तर वाले अस्पताल में अपग्रेड करने का अनुमोदन दिसंबर 2019 में किया गया था। जून 2022 में, कार्य के दायरे में संशोधन किया गया था और चिकित्सा देखभाल सुविधाओं, उप-क्षेत्रीय कार्यालय और स्टॉफ क्वार्टर के साथ एक नए बहुमंजिला भवन का निर्माण करने का निर्णय लिया गया था। इसकी परिकल्पना योजना का अनुमोदन हो गया है और केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने निर्माण के लिए प्रारंभिक अनुमान भी प्रस्तुत कर दिया है। इसके अलावा, परियोजना के लिए निर्धारित जमीन का एक हिस्सा भारतीय रेलवे द्वारा पुरम्बोके जमीन के रूप में अधिग्रहीत कर लिया गया है और एर्नाकुलम नगरपालिका निगम की एक सड़क मौजूदा कंपाउंड दीवार के भीतर आती है। इसलिए, जमीन के विशेष हिस्सों पर किसी नए निर्माण की योजना नहीं बनाई जा सकती है। परिणामस्वरूप, इस परियोजना की समीक्षा की जा रही है।

मौजूदा 65 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल, एर्नाकुलम कार्यशील है और बीमित व्यक्तियों (आईपी) को सेवाएं प्रदान कर रहा है। इसके अलावा, इसके निकट उद्योगमंडल में 114 बिस्तरों वाला ईएसआई अस्पताल भी संचालन में है। मरीजों को आवश्यकतानुसार, ईएसआईसी सेटअप के बाहर सहयोगी अस्पतालों में भी रेफर किया जाता है।

****